# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 211/2022

## इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति की वेबसाईट पर अपलोड रहने एवं दिनांक 18.11.2022 तक की अवधि में ऑनलाईन त्रुटि संशोधन करने/कराने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन भरे गये सूचीकरण एवं परीक्षा आवेदन के आधार पर छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति की वेबसाईट inter23.biharboardonline.com** पर अपलोड किया गया है, जो **दिनांक 18.11.2022 तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा।**

2. +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से समिति के उक्त वेबसाईट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने शिक्षण संस्थान के सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे एवं Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणी का मिलान करने तथा Dummy Admit Card में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो, तो निर्धारित तिथि तक छात्र/छात्रा को त्रुटि का सुधार करा लेने हेतु अनिवार्य रूप से निदेशित करेंगे।

3. यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एवं ई० मेल आई०डी० पर Dummy Admit Card जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु Message/E-mail भेजा जा रहा है, ताकि छात्र/छात्रा स्वयं भी अपना Dummy Admit Card समिति के उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर सकें और उसमें कोई त्रुटि हो तो अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से सुधार करा सकें। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता/पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

4. समिति के उक्त वेबसाईट पर जारी Dummy Admit Card शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है –

➢ **+2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया** – संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने पूर्व से प्राप्त यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति की वेबसाईट **inter23.biharboardonline.com पर** Click **कर** Login **करेंगे। इसके उपरांत** Dummy Admit Card Option **पर** Click **करेंगे। तत्पश्चात् संकायवार** अपने +2 विद्यालय/ महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

➢ **परीक्षार्थी द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया** –

सभी परीक्षार्थी अपने सूचीकरण संख्या एवं जन्मतिथि का प्रयोग करते हुए समिति की वेबसाईट **http://inter23.biharboardonline.com/StudentDummyAdmitCard.aspx** पर Click करने के बाद अपना सूचीकरण संख्या एवं जन्मतिथि अंकित कर Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

5. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरणी का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी छात्र/छात्रा एवं माता/पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, कोटि, लिंग, विषय, जन्मतिथि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे छात्र/छात्रा अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान को ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति शिक्षण संस्थान के प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान ऐसे छात्र/छात्राओं की विवरणी में ऑनलाईन त्रुटि सुधार दिनांक 18.11.2022 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित छात्र/छात्रा के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय।** उक्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक त्रुटि के सुधार हेतु शिक्षण संस्थान के प्रधान को Dummy Admit Card उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा ऑनलाईन त्रुटि सुधार नहीं किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्थान के प्रधान तथा संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता/पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित छात्र/छात्रा का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए संस्थान के प्रधान के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

6. कतिपय शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले कई छात्र/छात्रा का सूचीकरण अथवा परीक्षा आवेदन भरे जाने के मद में बकाया शुल्क **दिनांक 28.10.2022 तक** जमा नहीं किया गया है अथवा जमा किया गया शुल्क संस्थान के बैंक खाता में वापस हो गया है, उसकी सूची समिति की वेबसाईट **inter23.biharboardonline.com** पर अपलोड है। शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉग–इन कर कितने परीक्षार्थियों की कितनी राशि जमा नहीं किया गया है, समिति के उक्त वेबसाईट पर देख सकते हैं तथा बकाया शुल्क **दिनांक 18.11.2022 तक** जमा कर सकते हैं। इसके लिए समिति का पोर्टल खुला रहेगा। उक्त निर्धारित **तिथि 18.11.2022 तक** जिन छात्र/छात्रा का शुल्क जमा नहीं रहेगा, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। इस कारण से यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही उन शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

7. विदित हो कि सरकार के द्वारा कोविड–19 के संक्रमण से बचाव के लिए सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन एवं सभी आवश्यक ऐहतियाती कार्रवाई का विस्तृत निदेश निर्गत है। इस परिदृश्य में वर्णित कार्य के निर्वहन के लिए शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त दूरी पर अलग–अलग काउंटर लगाकर छात्र/छात्रा को डाउनलोडेड Dummy Admit Card हस्तगत कराया जाएगा। सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि इस कार्य में प्रतिनियुक्त सभी कर्मी एवं छात्र/छात्रा द्वारा अनिवार्य रूप से मास्क पहनकर सोशल डिस्टेन्सिंग का कठोरतापूर्वक पालन किया जा रहा है।

8. Dummy Admit Card ऑनलाईन डाउनलोड करने एवं उसमें त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्पलाईन नं0–0612–2230039** अथवा E-mail ID: **reg.bsebhelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**